प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 02.11.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प पर विशेष बल दिया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए महिलाओं और पुरुषों की समान भागीदारी आवश्यक है। उत्तराखंड के हरिद्वार में आज पतंजलि विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। महिला शिक्षा के महत्व का उल्लेख करते हुए श्रीमती मुर्मु ने कहा कि शिक्षित बेटियां भारत का गौरव बढ़ाएंगी।

****

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो आज शाम देश के सबसे भारी संचार उपग्रह सीएमएस–03(जीएसएटी–7आर) का श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपण करेगा। इस मिशन का उद्देश्य नौसेना की संचार क्षमताओं और कनेक्टिविटी को बढाना तथा उच्च क्षमता वाली बैंडविड्थ प्रदान करना है।

****

सिमडेगा जिला मुख्यालय के बाजारों में इन दिनों स्थानीय रूप से उत्पादित फूलों की खूबसूरती देखते ही बन रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' आह्वान से प्रेरित होकर ग्रामीण महिलाओं ने स्वयं अपने खेतों में फूलों का उत्पादन शुरू किया है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। खरीदारों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना महिला सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक कदम है।

****

साहिबगंज स्थित जैप–9 के परेड मैदान में नवनियुक्त चौकीदारों के पासिंग आउट परेड के पूर्वाभ्यास का आयोजन किया गया, जिसमें उपायुक्त हेमंत सती और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने परेड का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने अनुशासन, वेशभूषा और तैयारी की सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए समय पर तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए।

****

****

पाकुड़ में मारवाड़ी समाज द्वारा श्याम जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य निशान शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और जयकारे लगाए। श्याम मंडली के अध्यक्ष पूरण डोकानिया ने बताया कि इस अवसर पर कोलकाता से आए कलाकारों ने झांकी, कृष्ण लीला, शिव नृत्य और भजन प्रस्तुत किए।

****

दुमका जिले में मोंथा चक्रवाती तूफान से मौसम बदला हुआ है। रुक–रुक कर बारिश हो रही है।

****

बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान मोंथा का असर राज्य में अब समाप्त हो गया है और अब ठंड बढ़ने की संभावना जताई गई है। पिछले तीन से चार दिनों तक हुई लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित रहा, जबकि अब मौसम विभाग ने आगामी दिनों में मौसम साफ रहने की बात कही है। पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक 80.2 मिमी बारिश गोड्डा जिले के महागामा में रिकॉर्ड की गई।

****

आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में आज भारत का मुकाबा दक्षिण अफ्रीका से होगा। यह मैच अब से कुछ देर में नवी मुंबई के डी वाई पाटिल स्टेडियम में शुरू होगा।

***********समाप्त************